# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–19 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

अयोध्या में, दीवाली की पूर्व संध्या पर आज भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दीपोत्सव के नौवें संस्करण के तहत नया विश्व कीर्तिमान बनाने के लिये छब्बीस लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके लिये गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम अयोध्या में मौजूद है। सरयू नदी के छप्पन घाटों पर दीप प्रज्ज्वलन के पूर्व रामकथा पार्क में आयोजित दीपोत्सव समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि

**आज लाखों लाख दीप अयोध्या धाम में प्रज्जवलित होते हैं। जो हर भारत के संकल्प पर हर भारतवासी के संकल्प के प्रतीक बनते है। ये दीप केवल दीप नही है यह दीप पांच सौ वर्षों के अंधकार में अंधकार पर आस्था के विजय के प्रतीक भी है। पांच सौ वर्षो में इस प्रकार के अपमान को झेलना पड़ा था और इस प्रकार के संघर्षो से हमारे पूर्वज जूझे थे, ये दीप उसी के प्रतीक स्वरूप हैं और तब मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम तम्बू में विराजमान थे, और अब जब दीपोत्सव का नौवां संस्कारण हो रहा है तब भगवान राम अपने भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हैं।**

सम्बोधन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और अन्य जनप्रतिनिधियों ने रामरथ को खींचकर राम कथा पार्क तक पहुंचाया, जहां मुख्यमंत्री ने गुरू वशिष्ठ की भूमिका निभाते हुए भगवान श्रीराम के प्रतीकात्मक राज्याभिषेक की धार्मिक और पारंपरिक रस्म अदा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत जन भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व आज दोपहर में इक्कीस झांकियों की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें कलाकारों के विभिन्न दलों ने रामायण के विविध प्रसंगों का मंचन किया।

शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। देर शाम आतिशबाजी और लेजर शो के साथ ही ड्रोन शो का भी प्रदर्शन किया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामना देते हुए प्रभु श्रीराम से उनके सुख–समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल सुबह दस बजे से गोरखपुर के कुसम्ही जंगल स्थित जंगल तिकोनिया नम्बर तीन गांव में वनटांगिया समुदाय के लोगों के बीच दीपावली मनाएंगे। मुख्यमंत्री के साथ दीपोत्सव मनाने को लेकर वनटांगिया लोगो में अपार उत्साह देखा जा रहा है। जंगल तिकोनिया नम्बर तीन गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री की अगवानी के लिए गांव को खास तौर पर सजाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पहले कार्यकाल से ही प्रतिवर्ष वनटांगिया समुदाय के लोगों के साथ दीपावली मनाते हैं। दशकों तक उपेक्षित जीवन जीने वाले इस समुदाय को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का श्रेय मुख्यमंत्री को दिया जाता है।

**********

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि लखनऊ के लोगों को बहुत जल्द सर्कुलर ट्रेन की सौगात मिलेगी। लखनऊ के जानकीपुरम में आज 'हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' और लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित सामुदायिक विकास केन्द्र का उद्घाटन करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि जल्द ही लखनऊ को ग्यारह नये फ्लाई ओवर भी मिल जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय रक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना चाहता है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और बाइस सितंबर से पूरे देश में प्रभावी वस्तु और सेवा कर – जीएसटी सुधार से देश भर के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में विभिन्न राज्यों के निवासियों ने जीएसटी पर दी गई छूट पर अपने विचार साझा किये...

**मेरा नाम मीनाक्षी है और मैं डिस्ट्रिक्ट सांबा से बिलॉन्ग करती हूं और मैं जो है जीएसटी के बारे में बोलना चाहती हूं मिडिल क्लास लोगों को बहुत फायदा हुआ है मेरी जैसे रेडीमेड की शॉप है इवन की मेरे जो कस्टमर है वह पहले कम थे अब जीएसटी कम होने से मेरे भी काम में जो है काफी ज्यादा फर्क पड़ा है। प्राइम मिनिस्टर साहब नरेंद्र मोदी जी को बहुत–बहुत थैंक यू बोलना चाहती हूं कि जो है कि उन्होंने मिडिल क्लास लोगों के बारे में सोचा। संतोष गुप्ता मैं एक व्यापारी हूं जीएसटी की जो जो दरे कम की है इससेघर के जो खाने पीने का समान है उसमें जीएसटी कम होने से रसोई घर पर खास करके अब वह काफी हद तक अपने बजट में रहेंगे और काफी अच्छा डिसीजन है।**

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा दो हजार पचीस की उत्तर कुंजी वेबसाइट पर जारी कर दी है। यह परीक्षा बारह अक्टूबर को दो पालियों में आयोजित की गयी थी। परीक्षा की उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर चौबीस अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी।

**********